# प्रेस नोट
## थाना सीपरी बाजार, झाँसी

दिनांक – 21.09.2025

➢ **हत्या के प्रयास की घटना में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 21.09.2025 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा मु0अ0स0- 349/2025 धारा 109(1)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त नीरज पुत्र चन्द्रशेखर गुर्जर निवासी ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी को समय करीब 3.55 बजे उन्नाव बालाजी रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद डण्डा को बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण -**

दिनाँक 15.09.2025 को वादिया श्रीमती कमला पत्नी भैयालाल निवासी ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्तगण 1.सत्येन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र मान सिंह गुर्जर 2. विपिन गुर्जर पुत्र सत्येन्द्र सिंह गुर्जर 3. नीरज गुर्जर पुत्र चन्द्रशेखर नि0गण ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार, झाँसी द्वारा वादिया के पति भैयालाल को गाली गलौज करते हुये कुल्हाड़ी व लाठी-डण्डों से जान से मारने की नीयत से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-349/2025 धारा 109(1)/352/351(2) BNS पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह गुर्जर उपरोक्त को दिनांक 20.09.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा आज दिनांक 21.09.2025 को अभियुक्त नीरज गुर्जर उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

नीरज गुर्जर पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग्राम लकारा थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम -**

प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार मय पुलिस टीम